[57]तृतीय ब्रह्मा विसनु महेसा । देवी देव उपार वेसा

[58]चउथि उपार चारे वेदा । खाणी चारे बाणी भेदा ।

[59]पंचमी पंच भूत बेताला । आपि अगोचर पुरख निराला

[60]खसटी खटु दरसन प्रभ साजे । अनहद सबद निराला बाजे

[61]सपतमी सतु संतोखी सरीरि । सात समुंद भरे निरमल नीरि

[62]असटमी [62]असट सिधि बुधि साधै । सचु निहकेवलु करमि आराधै ।

नोउ [63]नउमी [63]नवे नाथ [63]नव खंडा । घटित घटि नाथु महा बलवंडा

[64]दसमी नामु दानु इसनानु । अनदिनु मजनु सचा गुण गिआनु

[65]एकादसी इकु रिदै वसावै । हिंसा ममता मोहु चुकावै

[66]दुआदसि मुद्रा मनु अउधूता । अहिनिसि जागहि कबहि न सूता

[67]तेरसि तरवर समुद कनारे । अंम्रितु मूल सिखरि लिव तारे

[68]चउदसि चउथे थावहि लहि पावै । राजस तामस सत काल समावै

[69]एका सुरति जेते है जीअ सुरति विहूणा कोइ न कीअ

एकामाइ जुगति विआई [69]तिनि चेले परवाणु जपु-३०

आवृति वाचक

जे जुग चारे आरजा होर [70]दसूणी होइ

५७-६८ रागु बिलावलु थिति

६९ ,

७० जपु २६

समुदाय बोधक :-

अंत कारणि केते[७१] बिललाहि । ताके अंत न पाए जाहि

केते ले ले मुकरु पाहि । केते मूरख खाही खाहि

ऐते कीते होरि करेहि ता आखि न सकहि केइ केइ[७२]

सो दरु केहा सो घरु केहा जितु बहि सरव[७३] समाले

चंदु सरजु दुइ[७४] गुफे न देखा सुपनै सउण न थाउ

इकि[७५] आवहि इकि उठि रखी अहि नाव सलार

इकि[७६] उपाए मंगते इकना[७७] वडे दरबारि

संख्या वाचक विशेषणों का विश्लेषण

गुरु नानक द्वारा जिन पूर्ण संख्यावाचक विशेषणों का प्रयोग हुआ है उन्हें रूप रचना की दृष्टि से किसी वर्ग विशेष में रखना तब तक सम्भव नहीं है जब तक उसके निहित भाव (अर्थात दार्शनिक पक्ष) को स्पष्ट नहीं किया जाता । इस कारण विश्लेषण में कई स्थानों पर द्विरुक्ति दोष आ गया है फिर भी यथा सम्भव इस से बचने का प्रयास किया गया है ।

गुरु नानक वाणी में विशेषणों की रुपात्मक योजना संज्ञा की तरह है । विशेषण विशेष्य के अनुरूप विभक्ति और वचन का अनुसरण करते हैं । संख्या वाचक विशेषणों का विश्लेषण नीचे किया जा रहा है ।

७१,७२,७३ जपु २६

७४-७७ सिरी रागु

गुरु नानक द्वारा संख्या वाचक ` एक ` का रुपात्मक प्रयोग निम्नलिखित ढंगों से भिन्न भिन्न ढंगों में हुआ है :-

एक , इक , इकु , एका इको , इकि

एक का प्रयोग तो साधारण संख्या बताने के लिए किया गया है जैसे ` एक सुआन `

इक , इकु का प्रयोग बहुधा आध्यात्मिक तत्व का वर्णन करने के लिए ही किया गया है , जैसे इकु दाता या इकु संसारी में परमात्मा की जो तीन शक्तियां उपार्जन , पालन , और विनाश करने की हैं उनकी ओर संकेत किया गया है ।

` एका ` का प्रयोग एक पर बल देने के लिए किया गया है । इस का अर्थ ` एक ही ` (आध्यात्मिक तत्व) है , जैसे एका सुरति जेते हैं जीअ ।
सुरति विहूणा कोइ न किआ

एका माई जुगति विआई तिनि चेले परवाणु

परन्तु यह आवश्यक नहीं है जैसे

` इकु तिलु पिआरा वीसरै रोगु वडा मनु माहो `

इस पंक्ति में ` इकु ` विशेषण रूप का प्रयोग ` तिलु ` साधारण पदार्थ के लिए प्रयोग हुआ है । परन्तु इस का सम्बन्ध ` पिआरा ` (प्यारा) अर्थात भगवान से है । ` इको ` का प्रयोग भी ` एक ही भगवान ` के लिए हुआ है । ` इकदू इकू ` तुलनात्मक विशेषण के रूप में इसका प्रयोग हुआ है ।

टिप्पणी :-

दे० ५, २६, २७, २८, ३१, ३२, ३३

` एकम ` गुरु नानक ने एक के लिए एकम का प्रयोग भी किया है ।

` एक ` के लिए क्रमवाचक संख्या दर्शाने के लिए गुरु नानक ने पहिला का प्रयोग किया है ।

` दो ` [0] ` दो ` का प्रयोग भी अनेक प्रकार से मिलता है । इस का प्रयोग दो पूर्णांक संख्या वाचक के लिए हुआ है । ` दुइ ` ` दुजे , ` दुजा ` ` दुजी ` इन सब का प्रयोग ` दो ` तथा ` दूसरी ` क्रम वाचक संख्या के रूप में हुआ है । ` दुइ दीवे ` यहां पर साधारण पदार्थों को छोड़कर विशेष पदार्थों अर्थात् सूर्य और चन्द्रमा की ओर संकेत किया गया है । इस का अर्थ ` दो ` या ` दोनों ही ` से है दोनों समुदाय वाचक है ।

` दुजे ` ` दुजे ` का प्रयोग` दुसरे ही ` के अर्थों में भी किया गया है और क्रम वाचक संख्या के रूप में भी किया गया है , जैसे दुजे भाइ अर्थात् द्वैत भाव में और ` दुजे माइ बाप की सुधि ` में दुसरी या दुसरे स्तर पर मां बाप की सुधि आती है ।

` दुजा `, ` दुजी ` का प्रयोग भी क्रमवाचक अर्थों में हुआ है । दुजा और दुजी का प्रयोग पंजाबी में होता है ।

` तीन ` [0] ` तिनि ` ` तीजे ` ` तृतीआ ` का प्रयोग तीन के अर्थों में गुरु नानक द्वारा किया गया है ।

` तिनि ` का प्रयोग तो तीन के लिए किया गया है ।

` तीजे ` और ` तृतीआ ` का प्रयोग क्रमवाचक संख्या के लिए किया गया है ।

` तीजे ` का प्रयोग पंजाबी में होता है ।

---

[0] दे० ६,४१,५१,५६,७४

[0] दे० ५७,५२,४२,६६

` चार `[1] ` चउथे ` ` चउथि ` यह दोनों ही क्रम वाचक संख्याएं हैं
` चउथे ` पुल्लिंग और ` चउथि ` स्त्रीलिंग प्रयोग हैं।
` दोहा कोश ` में ` चार ` प्रयोग मिलता है। समास में ` चउ `
रूप का प्रयोग मिलता है ` चउक्कथ ` और चउदिसि। संख्या -
वाचक शब्दों में भी ` चउ ` का प्रयोग मिलता है।
आ० आ० भाषाओं में यही ` चउ ` ` अउ ` ` ओ ` प्रवृति के
कारण ` चौ ` का रूप धारण कर लेता है जैसे ` चौदस `
` चारि ` संस्कृत नपुसंकलिंग से विकसित होने पर भी सभी लिंग
और कारकों में प्रयुक्त होता है।

` पांच ` [0] ` पंजि ` ` पंजा `5` पजे ` पंजवें ` पंचमी ` ` पंच ` ` पंच आदि
का प्रयोग इस बात का संकेत है कि उस समय पंजाबी के आधुनिक
संख्या रूपों का विकास होने लगा था।
` पंजि ` का प्रयोग समुदाय वाचक के रूप में किया गया है।
पांच नमाज़ों को बताने के लिए पंजि का प्रयोग किया गया है।
` इ ` प्रत्यय लगा कर कर्म कारक बनाया गया है।
` पंचमी ` ` पंजवें ` ` पंजा ` ` पजे ` पंच `
` पंचमीं ` और पंजवें ` क्रमवाचक संख्या सूचक के रूप में
प्रयोग हुआ है। ` पंचमी ` तिथि के लिए स्त्रीलिंग प्रयोग है।
` पंजा ` अर्थात ` पांचों के ` सम्बध वाचक प्रयोग है।
` पंजा ` समुदाय बोधक प्रयोग है।
` पजे ` अर्थात पांच ही बहुवचन का प्रयोग है।
` पंज ` यह संख्या वाचक सामान्य प्रयोग है।
संस्कृत का रूप ` पंच ` है। अपभ्रंश में भी अनुनासिक प्रयोग
` पंच ` मिलता है। अपभ्रंश के कारकों में भी ` पंच ` रूप मिलता है।

दे० ५३,५८,४३

दे० २१,२२,२३,२४,४४,५६

इस प्रकार संस्कृत अपभ्रंश का रूप ` पंच ` का प्रयोग गुरु नानक द्वारा किया गया है।` पंजवें ` का प्रयोग आ० पंजाबी में सानुनासिक मिलता है।

छ:[१] ` छिवें ` ` खसटी ` छिवें और खसटी दोनों क्रमवाचक संख्याएं हैं। ` छिवें ` पुल्लिंग सम्बध वाचक और खसटी स्त्रीलिंग सम्बध वाचक है। अपभ्रंश में भी ` छ ` का प्रयोग मिलता है। समास में भी ` छ ` रूप ही मिलता है। संस्कृत के ` ष ` ` श ` के स्थान पर गुरु नानक में ` स ` प्रयोग ही मिलता है।

इस प्रकार स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि ` षसटी ` और ` छिवें ` पर संस्कृत और अपभ्रंश का प्रभाव है।

` सात `[२] सपता-हरा ` ` सपतमी ` ` सतवें ` सात के लिए ये तीन प्रयोग मिलते हैं। इसका प्रयोग पुल्लिंग सम्बध धोतनार्थ रूप में हुआ है।

खड़ी बोली में सातवां सातवीं और पंजाबी में सतवां और सतवीं रूप प्रयोग होते हैं। ` सात ` और `सत` में व +आं, व + इं प्रत्यय लगा कर रूप बनाये जाते हैं। अपभ्रंश ` सत्त ` ` सत्ता ` इत्यादि प्रयोग मिलते हैं। समस्त पदों में पहला संख्या सुचक पद ` सत्त-सत्त ` हो जाते हैं। ` सपता-हरो ` और ` सपतमी ` संस्कृत के निकट जा पड़ते हैं। ` सत्वें ` पर अपभ्रंश का प्रभाव है और इसका पंजाबी में सानुनासिक रूप में प्रयोग होता है।

१- दे० ४५,६०

२- दे० २,४६,६१

` आठ `[1] ` असट ` असटमी `` अठवें ` आठ के लिए यह तीन प्रयोग मिलते हैं। ` असटमी ` और ` अठवें ` यह दोनों रूप क्रमवाचक संख्या सूचक हैं। ` असटमी ` स्त्रीलिंग और ` अठवें ` पुल्लिंग प्रयोग हैं। यह दोनों प्रयोग अधिकरण कारक के हैं।

` असट ` का प्रयोग निर्लिंगीय निश्चित संख्यावाचक रूप में हुआ है। ` आठ ` के लिए संस्कृत में ` अष्ट ` का प्रयोग होता है। अपभ्रंश में ` श ` ` ष ` के स्थान पर ` स ` हो जाता है। इस प्रकार ` अष्ट ` का विकसित रूप ही ` असट ` है और अष्टमी का विकृत रूप ` असटमी ` है।

अपभ्रंश में अट्ट प्रयोग मिलता है।

पंजाबी में ` अठ ` ` अठवां ` अठवीं प्रयोग मिलते हैं।

अत: कहा जा सकता है कि पंजाबी तब विकसित हो रही थी।

हिन्दी में इस का (समीकरण के नियमानुसार) दीर्घीकृत रूप आठ , आठवां इत्यादि मिलता है।

नौ `[2] ` नावें ` ` नउमी ` ` नवें ` ` नव ` ` नउ ` ` नौ ` के लिए ` नावें ` ` नउमी ` ` नव ` शब्द मिलते हैं। ` नावें ` और ` नउमी ` में दोनों क्रमवाचक संख्या सूचक शब्द हैं।

` नावें ` पुल्लिंग प्रयोग है। ` नउमी ` तिथि के लिए स्त्रीलिंग प्रयोग है। नव निश्चित संख्या संख्या सूचक शब्द है।

अपभ्रंश में ` नव ` मिलता है और तद्धितान्त प्रत्यय परे होने पर ` नव ` मी मिलता है। संस्कृत में ` नवम ` मिलता है। ` नउमी ` और ` नव ` संस्कृत के अधिक निकट है। गुरु नानक द्वारा ` व ` के स्थान पर ` अ+ उ ` का प्रयोग प्राय: मिलता है। अत: नवमी के स्थान पर ` नउमी ` गुरु नानक की एक सामान्य प्रवृत्ति है। ` नावें ` अपभ्रंश का ही प्रयोग है। नवे का अर्थ ` नौ ` है और यह समुदायवाचक प्रयोग है।

१- दे० ट ठी ६२,४७,६२

२- दे० ६३,६३,६३,४८, ६

खड़ी बोली में ` नौ ` नौवां नौमी इत्यादि प्रयोग प्रचलित हैं। पंजाबी में ` नौ ` ` नौवां ` ` नौमी ` या ` नौवी ` इत्यादि प्रयोग मिलते हैं।

गुरु नानक द्वारा प्रयुक्त नउमी खड़ी बोली के अधिक निकट है।

दस[1] ` दस ` ` दसवें ` ` दसमी ` ` दस ` के लिए गुरु नानक द्वारा `दस` ` दसवें ` ` दसमी ` इन तीन शब्दों का प्रयोग किया गया है। ` दसवे ` दसमी ` यह दोनों शब्द तो क्रमवाचक संख्या सूचक हैं। दसवे का प्रयोग पुल्लिंग और दसवीं का प्रयोग स्त्रीलिंग हैं। दस संख्या सूचक शब्द है। अपभ्रंश में ` दस ` और ` दह ` दोनों रूप मिलते हैं।

संस्कृत में `दश ` प्रयोग मिलता है। गुरु नानक द्वारा अपभ्रंश की प्रवृति , ` श ` ` ष ` के स्थान पर `स ` का ही प्रयोग किया गया है। अत: दस संस्कृत के ` दश ` का ही विकसित रूप है। अत: यह खड़ी बोली के ।दस। के अधिक निकट है। पंजाबी क्षेत्रीय रूप में ` दह ` का प्रयोग होता है। गुरु नानक ने ` वें ` और ` मी ` प्रत्यय लगाकर क्रमवाचक संख्या सूचक शब्द बनाया है।

ग्यारह[2] ` ग्यारह ` के लिए गुरुनानक द्वारा ` एकादसी ` का प्रयोग किया गया है। संस्कृत में ` ग्यारह ` के लिए एकादश प्रयोग होता है। गुरु नानक द्वारा प्रयुक्त ` एकादसी ` संस्कृत का ही विकसित रूप है।

१- दे० ६४,४६,१२,३ स ह की प्रवृति कार्य करती पाइ जाती है। इसे फारसी प्रभाव भी कहा जा सकता है।

२- दे० ६५

बारह[१] (दुआदसि ।। गुरु नानक द्वारा ` बारह ` के लिए ` दुआदसि ` का प्रयोग हुआ है । इस के लिए संस्कृत में ` द्वादश ` शब्द का प्रयोग होता है गुरु नानक द्वारा ` दुआदसि ` का प्रयोग क्रमवाचक संख्या सूचक स्त्रीलिंग के लिए हुआ है । यह संस्कृत का ही विकसित रूप है । पंजाबी में संस्कृत के ` व ` के स्थान पर ` उ ` का प्रयोग करने की प्रवृति है । इस में ` इ ` प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग बनाया गया है ।

तेरह[२] । तेरसि (गुरु नानक द्वारा ` तेरह ` के लिए ` तेरसि । का प्रयोग किया गया है । यह क्रमवाचक संख्या सूचक स्त्रीलिंग प्रयोग है । अपभ्रंश में ` तरस `, ` तेरह ` आदि रूप मिलते हैं । अपभ्रंश के ` तेरस के साथ ` इ ` प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग बनाया गया है ।

चौदह[३] ` चौदह ` के लिए गुरु नानक द्वारा ` चौदसि ` शब्द का प्रयोग किया गया है प्राकृत और अपभ्रंश में ` चौदह ` और ` चउदस दोनों ही प्रयोग मिलते हैं ।
अपभ्रंश के ` चउदस ` में ` इ ` प्रत्यय लगाकर ` चउदस ` बनाया गया है । यह अपभ्रंश के ` चउदस ` का ही प्रयोग है ।

गुरु नानक द्वारा क्रमवाचक संख्या सूचक शब्द तिथियों और जीवन की अवस्थाओं के विषय में वर्णनार्थ ही प्रयोग किए गए हैं अन्यथ: यह रूप विरल ही मिलते हैं ।

१- दे० ६६

२- दे० ६७ स ह

३- दे० ६८

अनिश्चित संख्यावाचक

अठारह[1] । अठारह । का प्रयोग गुरु नानक द्वारा संख्या सूचक शब्द के रूप में हुआ है । अपभ्रंश में अठ्ठारह और ` अट्ठारस ` दोनों रूप मिलते हैं ।

खड़ी बोली में । अठारह । रूप ही चलता है और यह प्रयोग खड़ी बोली के समीप है । गुरु नानक में अपभ्रंश रूपों का ही अधिक प्रयोग पाया जाता है ।

तीस[2] । तीस । के लिए गुरु नानक ने । तीह । का प्रयोग किया है । यह कर्म कारक का प्रयोग है । अपभ्रंश में तीसा का प्रयोग मिलता है । पंजाबी में ` तीह ` रूप प्रचलित है जो कि इसके निकट है ।

छतीस[3] । छतीह । छतीस के लिए गुरु नानक द्वारा ` छतीह ` शब्द का प्रयोग किया गया है । अपभ्रंश में ` छतीस ` प्रयोग मिलता है । इस में भी ` सकार ` का ` हकार ` करके अपभ्रंश के ` छतीस ` के स्थान पर ` छतीह ` प्रयोग किया गया है ।

गुरु नानक द्वारा दस , बीस , चालीसी , पचासी , सठी , सतरि , असीहां , नवे , संख्यासूचक शब्दों का प्रयोग अधिकरण कारक में किया गया है । तीसा । । चालीसी । इत्यादि से अभिप्राय है ` तीस ` , ` चालीस ` की आयु में । । दस । का विश्लेषण पहले हो चुका है ।

१- दे० ३५ । ४

२- दे० ७

३- दे० ११

[1] ।बीस । के लिए गुरु नानक द्वारा । बीस । का ही प्रयोग किया गया है ।

प्राकृत में । बीसा । और अपभ्रंश में । बीस । रूप मिलते हैं ।

खड़ी बोली में और पंजाबी में भी इस का यदाकदा व्यवहार किया जाता है ।

। तीसा [2] । । तीस । के लिए । तीसा । का प्रयोग अधिकरण और सम्बध कारक में किया गया है ।

। चालीसी [3] । । चालीस । के लिए चालीसी का प्रयोग किया गया है । यह भी सम्बध और अधिकरण कारकों का प्रयोग है ।

। पचासी [4] । । पचास । के लिए । पचासी । का प्रयोग किया गया है यह प्रयोग सम्बध और अधिकरण कारक में हुआ है । इस में भी ` इ ` प्रत्यय लगाया गया है । खड़ी बोली में । पचास । रूप मिलता है । पंजाबी में । पंजाह । रूप मिलता है । अत: यह खड़ी बोली के अधिक निकट है ।

। साठ [5] । गुरु नानक द्वारा । साठ । के लिए सठी रूप का प्रयोग हुआ है । यह सम्बन्ध और अधिकरण कारक का प्रयोग है । अपभ्रंश में `सट्ठि ` रूप मिलता है । खड़ी बोली में । साठ । और पंजाबी में । सठ । रूप मिलता है ।

गुरु नानक द्वारा प्रयुक्त । सठी । शब्द अपभ्रंश का ही प्रयोग है ।

१,२,३,४,५ दे० १२,१३,१४,१५,१६

।सत्तर।[1] ।सत्तर। के लिए ।सत्तरि। रूप का प्रयोग गुरु नानक द्वारा किया गया है यह सम्बन्ध और अधिकरण कारक का प्रयोग है अपभ्रंश में ।सत्तरि ।ही मिलता है। खड़ी बोली और पंजाबी में भी ।सत्तर । रूप मिलता है।

स्पष्ट है कि यह गुरु नानक द्वारा प्राचीन शब्द का प्रयोग है।

। अस्सी ।[2] । अस्सी । के लिए । असीहां । का प्रयोग किया गया है। यह भी सम्बध और अधिकरण कारक का प्रयोग है। अपभ्रंश में ` असी ` ` असिअ ` इत्यादि प्रयोग मिलते हैं। खड़ी बोली और पंजाबी में भी (अस्सी) प्रयोग मिलता है।

नव्वे[3] नव्वे के लिए गुरु नानक द्वारा । नवें श्र का प्रयोग किया गया है। यह सम्बन्ध और अधिकरण कारक का प्रयोग है। अपभ्रंश में । नवई। प्रयोग मिलता है।

खड़ी बोली में । नव्वे । और पंजाबी में । नव्वे । रूप मिलते हैं। स्पष्ट है कि गुरु नानक द्वारा प्रयुक्त । नवें । रूप अपभ्रंश के । गवई। रूप का ही विकृत रूप है।

लख । लाख । के लिए गुरु नानक द्वारा । लख । का प्रयोग किया गया है।

अपभ्रंश में । लक्ख । रूप मिलता है।

खड़ी बोली में । लाख । और पंजाबी में । लख । रूप मिलते हैं।

१,२,३ दे० १७,१८,१९ ।

गुरु नानक द्वारा संयुक्त और द्वित्व अक्षरों का प्रयोग नहीं किया गया ।

स्पष्ट है कि गुरु नानक द्वारा प्रयुक्त । लख । रूप अपभ्रंश के । लक्ख। रूप का ही प्रयोग है ।

अनिश्चित संख्यावाचक

। कोटि कोटी । यह द्विरुक्त प्रयोग है । इस का प्रयोग अनिश्चित संख्या वाचक के लिए हुआ है ।

। सहस । । सहस । का प्रयोग हज़ार के लिए हुआ है ।

अपभ्रंश में । सहस । रूप का प्रयोग मिलता है यह प्रयोग भी अपभ्रंश का ही प्रयोग है ।

। केते केते । । केते केते । का प्रयोग अनिश्चित संख्या वाचक परिमाण वाचक बहुवचन के रूप में किया गया है ।

` केह केह । । केह केह । का प्रयोग अनिश्चित संख्या वाचक , परिमाणवाचक बहुवचन और एक वचन दोनों रूपों में किया गया है ।

। केते केते । के लिए खड़ी बोली और पंजाबी में । कितने । रूप का प्रयोग किया जाता है ।

। केह केह । अनिश्चित संख्या वाचक बहु वचन के लिए खड़ी बोली और पंजाबी में ` कोइ ` रूप का प्रयोग किया जाता है ।

स्पष्ट है कि । केते केते । और । केह केह । का प्रयोग गरु नानक द्वारा अपभ्रंश के प्रभावाधीन ही किया गया है ।

मुख्य रूप से हम कह सकते हैं कि गुरु नानक के संख्या वाचक प्रयोग अपभ्रंश के निकट है । इन में क्रमवाचक बनाने के लिए वे और भी प्रत्ययों का प्रयोग किया गया है । सम्बध और अधिकरण कारकों के लिए आ , इ , और हां प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है ।

४

गुण वाचक

गुण वाचक विशेषण वे हैं जो वस्तुओं के गुण , दशा , रंग इत्यादि का बोध कराते हैं । रूप की दृष्टि से गुण वाचक विशेषणों को दो भागों में बांटा जा सकता है :-

१- विकारी
२- अविकारी

अविकारी : अविकारी विशेषण वे हैं जिनके रूप में प्रयोग की दृष्टि से कोई विकार नहीं आता , जैसे लाल , सफेद ।

इनके अन्तर्गत अर्थों में से मुख्य मुख्य ये हैं :-

रंग	काला , लाल
आकार	गोल सुन्दर
देश	हिन्दुस्तानी , जापानी
काल	नया पुराना
स्थान	बाहरी , भीतरी
दिशा	पूर्वी , पच्छमी
गुण	अच्छा , बुरा

गुरु नानक द्वारा प्रयुक्त गुणवाचक विशेषणों के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं :-

१- रंग

चिटे[७८] जिनके कपड़े मैले चित कठोर जीउ

कचा रंगु कुसम[७९] का थोड़ड़िआ दिन चार जीउ

१- ७८ रागु सूही असटपदी ।२
७९ - वही - ।२

राती होवनि [८०] कालीआ सुपेदा सेवंन

दिहु [८१] बगा तपे घणा [८२] कालिआ काले वंन

[८३] सूहा रंगु सुपनै निसी बिनु तागे गलि हारु

सचा रंगु [८४] मजीठ का गुरमुखि बीचारु

चिते दिसहि धउलहर [८५] बगे बंक दुआर

तूं सुणि हरणा [८६] कालिआ की वाड़ीऐ राता राम

रता पैनणु मनु रता [८७] सुपेदी सतु दान

[८८] नीली सिआही कदा करनी पहिरणु पैर धिआनु

[८९] उजलु कैहा चिलकणा घोटिन कालड़ी मसु

[९०] मेरे लाल रंगीले हम लालन के लाले

[९१] बागे कापड़ बोले वैण । लमे नकु काले तेरे नैण

गुरु नानक द्वारा निम्नांकित रंगों का वर्णन अपनी भाषा में किया गया है :-

चिटे , कुसंभ , कालीआ , सूहा , मजीठ , बगे , बागे , उजल , लाल ।

इन रंगों के नामों में से ` चिटा , सूहा , मजीठ , बगा , पंजाबी

८०,८१,८२	रागु सूही घरु ।६
८३	रागु सूही सलोक १
८४	- वही -
८५	रागु सूही सिरी रागु । १५
८६	रागु सूही रागु आसा । घरु ३।५
८७,८८	रागु सिरी रागु ।७
८९,९०	रागु दुखारी छंत ।५
९१	रागु मलार चउपदे । ९

में प्रयुक्त होते हैं। काला , लाल खड़ी बोली और पंजाबी दोनों में प्रयुक्त होते हैं।

कुसंम संस्कृत का शब्द है।

विश्लेषण

विशेषणों का प्रयोग विशेष्य के अनुसार किया गया है। जैसे कपड़े ` के साथ ` चिट्टे ` बहुवचन पुल्लिंग का प्रयोग किया गया है।

रातों के साथ (राती)` कालीआ ` का प्रयोग किया गया है। ` राती ` स्त्रीलिंग बहुवचन है इसके साथ ` कालीआ ` स्त्रीलिंग बहुवचन का प्रयोग किया गया है। ` नैण ` बहुवचन के साथ काले बहुवचन पुल्लिंग का प्रयोग किया गया है।

सम्बोधन , विशेषण में कोई परिवर्तन नहीं किया गया ,` जैसे मेरे लाल रंगीले `।

इन विशेषणों में से निम्नलिखित आकारांत है :-

बगा , चिटा , काला , सूहा , उजला (सफेद के अर्थों में)

इन विशेषणों में से निम्नलिखित व्यंजनांत हैं :-

कुसंम , मजीठ , लाल

आकारांत विशेषणों में निम्नलिखित ढंग से विकार हुआ है :-

खड़ी बोली में स्त्रीलिंग एकवचन बहुवचन के लिए आकारान्त , शब्दों के पीछे ` ई ` जैसे काली लड़की

काली लड़कियां

पंजाबी में भी ` ई ` प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है।

आकारांत विशेषणों में परिवर्तन करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले प्रत्यय :-

पुल्लिंग बहुवचन :-

	शब्द	बहुवचन	प्रत्यय
गुरु नानक	चिटा	चिटे	ए
खड़ी बोली			
पंजाबी	चिटा	चिटे	ए

स्त्रीलिंग बहुवचन :-

गुरु नानक	काली	कालीआ	इआ
खड़ी बोली	काली	काली	कोई परिवर्तन नहीं
पंजाबी	काली	कालीआं	ईंआं पंजाबी में अनुनासिक का प्रयोग है ।

गुरु नानक में व्यंजनांत विशेषणों में भी कहीं कहीं स्त्रीलिंग बनाने के लिए ` इ ` प्रत्यय का प्रयोग किया है । जैसे ` सुपेदी ` सतु दानु अर्थात् सच्च और दान सफेद पोशाक हैं । यहां पर विशेष्य पोशाक लुप्त है ।

आकार।दशा बड़ा साहिबु ऊंचा[६२] थाउ । ऊचे उपरि ऊचा नाउ
एवडु[६४] ऊंचा[६५] होवै कोइ ।
पूरो पूरो आखीऐ पूरै[६८] तखति निवास

दस अठार मैं अपरंपरै[६८] चीनै कहै नानकु इव इकु तारै
बाबा अलहु[६६] अगमु[१००] अपारु

६२,६३,६४,६५ दे० जपु जी , २४,२८
६६,६७,६८ दे० सिरी राग ६
६६ , १०० दे० सिरी रागु असटपदीआ ।१

८

[१०१] ऊचा ऊचउ आखीऐ कहउ का देखिआ जाइ

एहु अंतु न जाणै कोइ । बहुता[१०२] कहीऐ बहुता होइ

देश :- आपे नेड़ै[१०२] दूरि आपे ही आपे मंझि मिआनो

गुर कै सबदि सलाहणा घटि[१०३] घटि डीठु अडीठु

गुर सबदी सालाहीऐ अंतु न पारावारु [१०४]

काल :- [१०५] है भी होसी जाइ न जासी सचा सिरजणहारो

[१०६] आदि सचु जुगादि सचु । है भी सचु नानक होसी भी सचु

[१०७] आदि अनीलु अनादि अनाहति जुगु जुगु एको वेसु

स्थान :- जिस ते उपजै तिस ते विनसै घटि[१०८] घटि सचु भरपूरि ।

[१०९] घटि घटि जोति निरंतरि बूझै गुरमति सारु

---

१०१ दे० सिरी रागु असटपदीआ ।३

१०२ दे० सिरी रागु ।३१

१०३ दे० सिरी रागु असटपदीआं ।३

१०४ दे० सिरी रागु असटपदीआं ।४

१०५ दे० सिरी रागु घरु ।२८

१०६ दे० जपु

१०७ दे० जपु २८

१०८ दे० सिरी रागु १६

१०९ दे० सिरी रागु १६

गुण वाचक गाफल[११०] गिआन विहूणिआ[१११] गुर बिनु गिआनु न भालि जीउ

सूकर[११२] सुआन[११३] गरदभ[११४] मंजारा[११५] । पसु[११६] मेलछ[११७] नीच[११८] चंडाला[११९]

गुर ते मुंहु फेरे तिन्ह जोनि भवाइऐ । बंधनि बाधिआ आइऐ जाइऐ

ना मै रूप न बंके[१२०] नैणा । ना कुल ढंगु ना मीठे[१२१] बैणा

जब गुण वाचक विशेषणों का विशेष्य लुप्त रहता है तब उनका प्रयोग संज्ञाओं के समान होता है जैसे ` बड़ो न कहा`

गुरु नानक वाणी में से विशेष्य लुप्त विशेषणों के उदाहरण

१) विणु नावै भ्रमि भुलीआ ठगि मुठी कूड़िआरि[१२२] जीउ

सचे[१२३] सेति रतिआ जनमु न दूजी वार जीउ

२) अवगणि मारि गुणी घरु छाइआ पूरै पुरखि बिधाते ।

अमर[१२४] अडोलु[१२५] अमोलु[१२६] अपारा[१२७] गुरि पूरै सचु पाइऐ

सार्वनामिक विशेषण

पुरुष वाचक और निजवाचक सर्वनामों को छोड़ कर शेष सर्वनामों का प्रयोग विशेषण के समान होता है । जब ये शब्द अकेले आते हैं तब सर्वनाम होते हैं और जब इनके साथ संज्ञा आती है तब ये विशेषण होते हैं ।

११०,१११ रागु सूही घरु ६

११२-११६ रागु बिलावलु असटपदीआं

१२०-१२१ रागु सूही असटपदीआं

१२२,१२३ रागु सूही घरु ६।३

१२४-१२७ रागु सूही घरु । ३

गुरु नानक वाणी में से सार्वनामिक विशेषणों के कुछ उदाहरण :-

१- सा[१२८] धन चली साहुरे किआ मुहु देसी जाइ जीउ

२- जिन्ही[१२९] सखी सहु राविआ से अंबी छावड़ीएहि जीउ

३- साइ[१३०] वसतु परापति होई जिसु से मनु लाइआ

इन उदाहरणों में ` सा धन ` ` जिन्ही सखी ` ` साई दसतु ` ` सा ` ` जिन्ही ` और ` साई ` विशेषण हैं। ये वैसे तो सर्वनाम हैं परन्तु यहां पर ` सा ` धन की , जिन्हीं सखी की और साई वस्तु की व्याप्ति को मर्यादित करते हैं अत: यहां इन उदाहरणों में इन का प्रयोग विशेषण रूप में हुआ है।

यौगिक सर्वनाम

जो मूल सर्वनामों में प्रत्यय लगाने से बनते हैं और संज्ञा के साथ आते हैं जैसे जैसा , तैसा ,

गुरु नानक वाणी में से उदाहरण :-

१- अंजनु ` तैसा[१३१] ` अंजीऐ ` जैसा ` पिरु भावै

२- दुइ दीवे चौदह हट नाले , जेते[१३२] जीअ तेते वणजारे

३- तैसो[१३३] जैसा काढीऐ जैसी कार कमाइ

` जो-सो ` जो[१३४] दमु चिति न आवई सो दमु बिरथा जाई

१२८- रागु सूही कुचजी

१२९- रागु सूही

१३०- रागु सूही घरु २।१

१३१- रागु सूही घरु ५।४

१३२- रागु सूही वार स०८

१३३- रागु सूही चउपदे घरु ६।७

१३४- रागु सूही

' किआ'　　माणसु तो ' किआ[१३५] ' बेचारा तिहु लोक सुणाइसी

कउणु और　प्राणी , पदार्थ व धर्म के नाम के साथ आते हैं जैसे ,

कवणु -　　[१३६] कउणु तराजी , कवणु तुला तेरा [१३७] कवणु सराफु बुलावा

[१३८] कउणु गुरु के पहि दीखिआ लेवा के पहि मुलु करावा

जिन-तिन (व्यक्तिगत सम्बध वाचक)

चिटे जिन[१३६] के कपड़े मैले चित कठोर जीउ

[१४०] तिन मुख नामु व उपजे दुजे विआपे चोर जीउ

यहां इनका प्रयोग यौगिक सम्बध वाचक सार्वनामिक विशेषण के रूप में हुआ है ।

केते :　　केते ले ले मुकरु पाहि केते मूरख खाही खाहि

इस उदाहरण में केते का प्रथम प्रयोग तो सर्वनाम है और ' केते मूरख ' में केते सार्वनामिक (परिमाण वाचक विशेषण है)

आवृति वाचक

आवृति वाचक विशेषण से जाना जाता है कि उसके विशेष्य का वाच्य पदार्थ के गुना है , जैसे दुगुना , चौगुना , दसगुना इत्यादि ।

१३५　　रागु सूही घरु ६।६

१३६,१३७　　रागु सूही घरु ६।६

१३८

१३६,१४०　　रागु सूही घरु ६

गुरु नानक द्वारा प्रयुक्त आवृतिवाचक विशेषण का उदाहरण :-

` जे जुग चारे आरजा होर दसूणी होइ ` ।
` दसूणी ` का यहां अर्थ दस गुणा से है ।
यह स्त्रीलिंग प्रयोग है ।

खड़ी बोली और पंजाबी में ` गुणी ` प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग आवृति वाचक विशेषण बनाया जाता है । प्रा० आ० पा० और म०भा०आ० में भी ` गुण ` प्रत्यय लगाकर आवृति वाचक विशेषण बनाने की पद्धति प्रचलित थी । जैसे द्विगुण , दुणा ।

गुरु नानक ने इसी प्राचीन पद्धति का अनुसरण किया है परन्तु ` गुण ` के स्थान पर ` उण ` का प्रयोग कर ` इ ` प्रत्यय को स्त्रीलिंग निर्माणार्थ प्रयोग किया है जैसे :- इस में ` ग ` का लोप कर दिया गया है जैसे :-

दसूणी = दस + गुण + इ = दस + ग का लोप
दस + उण + इ = दसूणी

<u>तुलनात्मक</u>

१- विशेषण के जिस रूप से किसी वस्तु की तुलना सूचित नहीं होती उसे मूलावस्था कहते हैं जैसे वह अच्छा है ।

२- विशेषण के जिस रूप से दो वस्तुओं में किसी एक के गुण की अधिकता या न्यूनता सूचित होती है उस अवस्था को उत्तरावस्था कहते हैं जैसे ` घोरतर अपराध `

---

१४१ जपु ।।७।।

३- विशेषण के जिस रूप से दो से अधिक वस्तुओं में किसी एक के गुण की अधिकता या न्यूनता सूचित है , जैसे ` उच्चतम आदर्श

गुरु नानक द्वारा प्रयुक्त तुलनात्मक विशेषणों के उदाहरण :-

मणि चाउ ` वर्णरा[१४२] ` सुणि प्रम मे तेरा भरवासा `

आपे सचु भावै तिसु सचु । अंधा कचा ` कचु नि[१४३] कचु `

इकदु[१४४] इकि चउदीआ कउणु जाणै मेरा नाउ जीउ

तेहा कोइ[१४५] न सुझइ जि तिसु गुण कोइ करे

वडा[१४६] साहिबु वडी[१४७] नाई कीता जा का होवै

एवडु[१४८] उचा होवै कोइ । तिसु उचे कउ जाणै सोइ

वडा साहिबु उचा[१४९] थाउ । उचे उपरि उचा[१५०] नाउ

विश्लेषण गुरु नानक की वाणी मुख्यत: धर्म प्रधान है इसलिए यहां पर तुलनात्मक स्थितियों की अपेक्षाकृत कम आवश्यकता हुई है फिर भी उन्होंने कई स्थानों पर तुलनात्मक शब्दावली का प्रयोग किया है जिसका विश्लेषण इस प्रकार है :-

---

१४२ रागु सूही

१४३ सिरी रागु ३२

१४४ रागु सूही ` कुचजी `

१४५,१४६,१४७ जपु ७ , २१

१४८,१४९,१५० जपु २४

जो तुलनात्मक शब्द प्रयोग किए गए हैं :-

१- घणेरा

२- कचु नि कचु ` (` कचुनिकचु `)

३-` इकदु इकि `

४-` तेहा कोइ न `

५-` वड़ा ` ` वडी `

६-` एवडु ऊचा ` , ` उचे `

७- ` उचे उपरि उचा `

विशेषण	शब्द		प्रत्यय
१- घणेरा -	घण	+	एरा (बहुत अधिक)
२- कचुनिकचु	कचु +		नि +(कचु) सब से अधिक कच्चा
३- इकदु इकि	इक + दु + इकु		एक से बढ़ कर एक
४- तेरा कोइ न			ऐसा कोई भी नहीं
५- वडा - वडी			

६- एवडु उचा = ए + वडु उचा = इतना वडा (सब से बड़ा)

७- उचे ` उपरि ` उचा = सब से ऊंचा

` एरा ` ,` नि ,` दु `, प्रत्ययों द्वारा सब से तुलना की गई है ।

` एवडु ` द्वारा भी सब से तुलना की गई है ।

` उपरि ` के प्रयोग द्वारा भी सबसे तुलना की गई है ।

` को न` से भी सब से तुलना की गई है ।

इस प्रकार प्रभु की महत्ता दिखाने के लिए इन प्रत्ययों और शब्दों द्वारा काम लिया गया है । स्त्रीलिंग बनाने के लिए ` इ ` प्रत्यय का प्रयोग किया गया है ।

0 - 0 - 0

- 0 -

0

क्रिया

रचना के अनुसार धातुओं के दो भेद होते हैं। मूल धातु २- यौगिक धातु ।

१- मूल धातु

मूल धातुएं वे हैं जो किसी के सहायता के बिना बनी हों जैसे कर, चल , बैठ इत्यादि ।

गुरु नानक साहित्य में प्राय: निम्नलिखित मूल धातुओं का प्रयोग हुआ है :-

स्वरान्त :-

हिन्दी । पंजाबी में समान रूप से प्रयुक्त		पंजाबी	हिन्दी	अपभ्रंश प्राकृत
		करला	बिल्ला	
कमा	सी	परो (पिरोल)	बिला	मुठी (ठगना)
	रो		बाउरा	
खा			ला	फलो[1]
गया			ले	
गा				
छा				
जा				
ढो				
दे				
धो				
न्हा (आधुनिक रूप)				
पा				
पी				
पढ़ना				

१- फलो - गुरु नानक ने इस का प्रयोग ` कुपना ` अर्थ में किया है परन्तु प्राकृत में इस का अर्थ देखना है । प्र + लुय ` प्रलय से विकसित जान पड़ता है ।

व्यंजनांत

हिन्दी । पंजाबी में
समान रूप से प्रयुक्त

उग	टल	फट
उजड	टिक	मर
उड़	उर	मिल
कर[1]	ढाल	मांज
कट	तुल	माण
खिल	तोड	मोह
खेल	थक	रच
गल	घर	लाद
चल	निकल	विछुड
चउ	नाच	विरोध
चमक	निज	(निमा आ० रूप)
चुण[2]	पिट	सुन
चेत	परख	सह
चुग	पच	हार
छल	पउ	
जप	पछाड	
जल	पाल	
जाण	पूज	
जोड[2]	फिर	

१- कर आदि धातुओं का अन्तिम व्यंजन सुविधा की दृष्टि से हलन्त नहीं किया गया ।

२- चण : चुन हिन्दी

हिन्दी	पंजाबी	
उवर	कट	पहिर(पहिन आ , रूप)
गरज	कुह	पसर[2]
चुक	कत[2] (कातना)	पाउ
छोड	कुक[3]	पोड
डूब	खिंड	फोल(फरोलना भी आ०पंजाबी) में चलता है।
डाल	सुथ (गवा)	बह (बैठना भी आ०पंजाबी में चलता है)
ढूंढ	खट	बन
ताप	खप	मुन
पूछ	गाल	नुकर(आज इस का प्रयोग हिन्दी में भी मिलता है)
वथ[1]	थड	रल
माग	जाप	रूल
मूल	जण	लंघ(हिन्दी में भी मिलता है)
भरम	झिमक(चमकना)	वस
माग[2]	ढह	विआप(व्याप्त)
लूट	तक	वग
	दस	वीआह[4]
	निहाल(विदेशी फैलाना विकसित करना)	विस
	निवउ	वाह(खेती करना)
	नस(नस्स)	सिमर
		सवार

१- आज वध और माग का प्रयोग सानुनासिक रूप में होता है। गुरु नानक ने `मंगहि` प्रयोग भी जपु में किया है।

२- पंजाबीप्रयी प्रवृति के अनुसार `वढ` आदि धातुओं का `ढ्ठ` रूप होना चाहिए और यही रूप अपभ्रंश किंवा प्राकृत में भी मिलता है। परन्तु नानक वाणी में इस प्रकार के द्वित्व रहित रूप ही मिलते हैं।

३- इस का प्रयोग हिन्दी में भी मिलता है जैसे कोयल कूकती है।

४- वीआह - पंजाबी में `विआह` मिलता है। गुरु नानक ने दीर्घ (ई) का प्रयोग किया है।

तदभव

	प्राकृत । अपभ्रंश
	अप्पउं । पहुंचना
[1] खउल (खौल	अंवउ ।
। हिन्दी	खिसर (ढीला पीडना) तुलनात्मक
निरवह । निवाह करना	गहं (पकडना)
परजार (जलाना)	चबाह (कहना)
[2] ध्राप (तृप्त होना)	जिण (जीतना)
निरजासि (निर्णय करना)	फखण (फख मारना)
राच (रुच , अच्छा लगना)	तिप्त (तृप्त होना)
विंद (वंदना करना)	तुठ (तुट्ठ) संतुष्ट होना
बरह (बरसना)	दंफ (जलना , दाफण , ब्रज
(स-ह)	धुंमा (डालना)

१- खउल = ख् + अ + उ + ल
= ख् + ौ + ल
= खौल

गुरु नानक ने सन्धि के नियमों का प्रयोग नहीं किया ।

फता (।।।) समाफाना)

लख (देख)

लंब (बोलना)

लुम (लोम करना)

विहाण (विवाह)

विछुन (अलग)

विगो (नष्ट होना)

विहाग (चमकना)

सरस (खिलना)

वुठ[1] (विट्ठि नाम धातु वृष्टि)

विफ[2] (विज्फ विंधा हुआ । विघ्)

विगुच (विगुंच)

उफरत (उजड़ना)

छीज (खराब होना)

वुडत[2] (डुबना)

बुफे (रहस्य बताना)

मीज (भीगना)

वाच (पढ़ना)

१- वुठ प्राकृत में इस का रूप विट्ठि है ।

१- विफ - प्राकृत में इस का रूप विज्फ है ।

२- वुडत हिन्दी में इस का रूप डुबना है ।

यौगकि धातुएं

जो धातुएं किसी दूसरे तत्व की सहायता से निर्मित होती हैं उन्हें यौगिक धातुएं कहते हैं ।

यौगिक धातुओं का विश्लेषण निम्नांकित रूप से किया जा सकता है :-

अकर्मक

सकर्मक

प्रेरणार्थक

अनुकरणात्मक

अकर्मक

अकर्मक धातुएं वे होती हैं जिन में कर्म की अपेक्षा नहीं रहती । गुरु नानक द्वारा निम्नलिखित अकर्मक धातुओं का प्रयोग हुआ है :-

पछुता   जीवदिआ मरु मारि न पछोताइऐ । रागु माझु पउड़-१२

कुरला

मुकर

गरज

बिलला - रसु कसु टटरि पाईऐ तपै तै बिललाइ । रागु माझु श्लोक २१ ।

यौगिक धातु

उपसर्ग युक्त

अकारान्त

उसर , उगव , उचर , उथाप , उधर , उपज , संग्रह , संधार । संताप

निसवार , निहार , निहाल , निकस

पसर , पहर ,

प्रगट प्रगास

परबोध , विसतार , विसर , विगस

विचर विगड़ विणस

आकारान्त

अथा समा

औकारान्त

विगो , किलो ।

सकर्मक

सकर्मक धातुएं वे होती हैं जिन में कर्म को अपेक्षा होती है ।

गुरु नानक द्वारा निम्नलिखित सकर्मक धातुओं का प्रयोग हुआ है ।

स्वरान्त हिन्दी । पंजाबी

१- कमा = जिनि रचि रचिआ तिसहि न जाणै अंधा अंधु कमाइ । रागु माफु सलोक ४

विचि दुनिआ सेव कमाइऐ । ता दरगह बैसणु पाइऐ । सिरी ३३, घरु ५

२- खा । मनै मुहि चोटा न खाइ । मनै जम कै साथि न जाइ ।। जपु । १३

३- गा - गावै को ताणु होवै किसै ताणु । गावै को दाति जाणै नीसाणु । जपु । ३

सेई तुधनो गावहि जो उधु भावनि रते तेरे भगति रसाले । जपु । २७

४- ढो - अठसठि तीरथ देनि न ढोई ब्रहमण अंनु न खाही । रागु माफु

५- दे । आपे जाणै आपे देइ । आखहि सिभि केई केइ । जपु । २५

भरीए हथु पैरु तनै देह ।

६- धो - पाणी धोतै उतरसु खेह ।। जपु । २०

७- पी - जो रतु पीवहि माणसा तिन किउ निरमल चीतु । रागु माफु सलोक।८

जमु जंदारु जोहि नही साकै सरपनि उसि न सकै हरि का रसु पीजै (रामकली ।५)

८- रो - पेईअड़े पिरु जातो नाही । फूठि विछुंनि रोवै धाही । रागु माफु घरु १।१

हिन्दी

खिलो । बुठै धाहु चरहि निति सुरही साधन दही खिलोवै । रागु बाफ सलोक ४५

ला (जितु तू लाइहि सचिआ तितु को लगै नानक गुण गाइ (मलार)

ले - लाल जवेहर रतन पदारथ खोजत गुरमुखि लहीऐ । प्रभाती । १७

मुठी - अगणि मुठी महलि न पावै अगण गुण - रागु माफ । १

बखसावणिआ

फलो

पंजाबी

परो

ला- सति गुर मेटे सोझी पाइ । सचे नामि रहे लिव लाइ ।

प्रभाती- विभास , असटपदीआं १।४

व्यंजनांत

हिन्दी पंजाबी

उग - सुरति होवे पति उगवे गुरवचनी भउ खाइ । सिरी रागु ।१०

उजड

उठ

कर

खेल

गल= निडरिआ उसु लगि गरबि सि गालिआ । रागु माझ - पउडी ।१४।

चल = हुकमी हुकमु चलाहे राहु । नानक विगसै वेपरवाहु (जपु ।३

चढ़ चड़ = केसरि कुसुम गिरगंमै हरणा सरब सरीरी चढ़णा । तिलंग

चमक अखी लोड़ी ना लहा हउ चढ़ि लंघा कितु । सूही ।वर ६।घरु।२।२

चुण = एनी फुली रउ करे अवरि कि चुणीअहि डाल(रागु सूही सलोक २०
बिनु नावै चुण सुटीअहि कोइ न संगी साथि । सिरी , असट-४

चेत = नानक गुरु न चेतनी मनि आपणै सुचेत । रागु आसा ।वार सलोक

चुग

छल = किउ पछालि जाइ किउ छलीऐ जे बलि रूपु पछाने । प्रभाती दखणी

जप = नामु जपै भउ भोजनु खाइ । गुरमुखि सेवक रहे समाइ । धनासरी
असर ।२।५

जल

जाण = जे हउ जाणा आखा नाही कहणा कथनु न जाई । जपु जी ।५

जाग

जोड

टल

टिक

उर - उरि घरु घरि उरु उरि उरि उरु जाइ ।
सो उरु केहा जितु उरि उरु जाइ ।
(रागुगउडी)

ढाल - भउ खला अगनि तपताउ । भांडा भाउ अंमृतु तितु ढालि । जप ३८

तुल

थक

घर मुहौकि बोलणु बोलीऐ जितु सुणि धरे पिआरु (जपु ४)
जिनि करि कारणि धारिआ सभसै देह आधारु जीउ । रागु सुही ।
कीटा अंदरि कीटु करि दोसी दोसुधरे (जपु-७)

निकल

निकल

पिट

परख जाती दे किआ हथि सचु परखीऐ । महुरा होवै हथि मरीऐ चखीऐ ।

पच कूकर कुड़ु कमाईऐ गुरनिंदा पचै पचानु । सिरी रागु । १६

पढ़ जे बहुतेरा पड़िआ होवहि को रहै न भरीऐ पाइ ।। २ ।।

पछाड

फिर नावहु भुला जगु फिरै बेतालिआ । रागु माझ । पउडी । १४)

(फुट)फट ।जह जह देखा तह तह तू है तुझ ते निकसी फूटि मरा । सिरी ३१

मर

मिल

माज (हिं मांज) बिनु अम सबद न मांजीऐ साचे ते सचु होइ । सिरी रागु
असटपदीआं ५

माण

मोह तनु जलि बलि माटी भइआ मनु माइआ मोहि-मनूर । सिरी रागु ।१५

रच जिनि रचि रचिआ तिसहि न जाणै अंधा अंधु कमाइ । रागु माझ १

लाद अगगे पाछै सुखु नाही गाडे लादे छारु १०१०

विछुड़ मिलिआ होइ न वीछुड़े जे मिलिआ होई । सूही । घरु ६
४।३

(सुण)सुन- गावीऐ सुणीऐ मनि रखीऐ भाउ । दुख परहरि सुख घरि लै जाइ
। जपु ५

सह

हार - जिथै बालणि हारीऐ तिथै चंगी चुप ।

हिन्दी

उबर सचि रते से अबरे दुबिधा छोड़ि विकार । सिरी रागु असटपदीआं ४
भली सरि जि उबरी हउमै सुई घराहु । सिरी रागु । ११ ।

डुब नानक मनमुखि अंधु पिआरु । बाझु गुरु डुबा संसार । रागु माझ ।२।

डोल

ढूंढ ढंढोलिमु ढूढिनु डिठु मै जगु धूए का धवलहरु । रागु माझु ।३।

तिआग

तप जीउ तपतु है बारोबार । तपि तपि खपै बहुतु बेकार । रागु धनासरी
घरु ३।५

पूछ सतिगुरु पूछउ जाइ नामु धिआइसा जीउ । धनाश्री ।छंतर ।५।

बध साकतु कूड़े सच न भावै । दुबिधा बाधा आवै जावै । रागु माझु (१)
मनमुख भूला ठउर न पाए । जम दरि बधा चोटा खाए । रागु माझ ।१
आपे निरमलु एक तूं होर बंधी धंधै पाइ ।। सिरी असटपदीआं । ३

मरम (हि०)

माग(मांग)

पंजाबी

कठ उचके हिन्दवाणीआ किउ ठिकै कठहि नाइ (रागु आसा)
खुरासान खसमाना

खिंड	दूजे बहुते राह मन कीआ मती खिंडीआ । रागु माझ सलोक ।३६ ।
खुथ	नानक जे सिर खुथे नावनि नाही ता सत चटे सिरि छाई
खट	केते खपि तुटहि वेकार (जपु २५)
खप	जीउ तपतु है बारोबार । तपि तपि खपै बहुतु बेकार । रागु धनासरी । घरु ३।५
जण	
तक	बिनु रासि रासी वापारीआ तके कुंड । चारि । सिरी रागु असटपदीआं-६
	साझ बिहाग तकहि आगासु । रागुगउडी (६)
दस	राहु दसाई न जुला आखा अमड़ी आसु । वडहंस (घरु २स०२।३
निबड	हुकमी होइ निबेड़ भरमु चुकाइसी जीउ । धनासरी । असट।२।२
नस(नस्स)	नानक सतिगुर मिले मिलाइआ दूख पराकृत काल नसे-परभाती-१६
पहिर	सुखु दुखु दुइ दरि कपड़े परिहरहि जाइ मनुख (रागु माझ सलोक ४४)
पसर	कोठे मंडप माडीआ लाइ बैठे करि पासारिआ (रागु आसा पउड़ी)
	पसरी किरणि बिगासे ससि घरि सूरु समाइआ - परभाती
पीड(ना)	जितु खाधे तनु पीड़ीऐ मनि महि चलहि विकार (सिरी रागु ।७)
फतोल	फतोलि फदीहति मुहि लेनि भड़ासा पाणी देखि सगाही रागु माझु । हतु ।३ १
बन	
मन	रब की रजाई मने सिर उपरि करता मने आपि गवावै (रागु माझु सलोकु । १३
मुन(मुन्न)	
मुकर	केते लेले मुकरु पाहि । केते मूरख खाही खाहि । जपु । २५ ।
रल	
रुल	

वस	ना ओहि मरहि न ढागे जाईहि ।
	जिनके रामु वसै मन माहि ।।	जपु । ३७

वग

वीआह	वेलु देखि मनि अनदु भइआ सहु वीआहण आइआ । रागु आसा ।१०

विसर	सभना जीआ का इकु दाता सो मै विसरि न जाई ।। जपु । ५ ।

वाह(ना)

सिमर	किउ सिमरी सिवरिआ नही जाइ । किउकरि साचि मिलउ मेरी माइ
	घनासरी ३(गउड़ी)

सवार	मै बिनु कोइ न लंघसि पारि । मै भउ राखिआ सवारि (गउड़ी)

सोख

हठ

हस

तद्भव

खउल	गदहु चंदनि खउलीऐ भी साहू सिउ पाणु

निरबह	परपंचु वेणु तही मनु राखिआ ब्रहम अगनि परजारी ६७

परजार

थ्राप	जिनि चाखिआ पूरा पदु होइ । नानक थ्रापिओ तनि सुखु होइ ।(
	परभाती । १४

परगास	बिखलु झालि सहजि परगासिआ । परभाती । स० १३

राच

लुझ	कहि कहि कथना माइआ लुझै (रागु माझ स० ४६)

बिंद

वरह

प्राकृत । अपभ्रंश

अंमउ -	राहु दसाई न जुला आखा अमडी आसु । वउहंस । घरु १ । सबद २।३

अबंड़	अंबड़ि कोइ न सकई हउ किस नो पुछणि जाउ । सिरी असट ५
आडा	
खिस	चालीसी फुरू होइ पचासी पगु खिसै सठी के बोढेपा आवै । वार माफ स०३
गह	
चव	फूठे वैण चवे कामि न आवए जीउ । धनासरी । छंत ३।४
चबाउ	
जिण	
फखण	नानक बोलणु फखणा दुख छडि मंणिअहि सुख (रागु माफ सलोश ४४)
तिपत	बंधन सउदा अण बीचारी । तिपति नाही माइआ मोह पसारी - आसा इकतु ।
तुठ	सतिगुरि तुठे पाइअनि अंदरि रतन भंडारा । रागु माफु । पउड़ी ।४।
दफ	पवहि दफहि नानका तरीऐ करमी लगि (रागु माफु सलोक ३६)
घुमा	
पतीणा	लोकि पतीणै ना पति होइ । ता पति रहै राखै जा सोइ । रागु धनासरी घरु दूजा ।३
लख	
लंब	
लुम	
विहाण	
विछुंन	नदीआ वाह विछुंनिआ मेला संजोगी राम । रागु आसा । घरु ३।५
विगो	दयि विगोए फिरहि विगुते किटा वते गला । रागु माफु । स० ४५

विहाग

सरस

बुठ		वुठे अनु कमादु कपाहा समसे पउदा होवै ।

राग माफ । सलोक ४५

विभ

विगुच		सिंचोताणि विगुचीऐ बुरा भला दुइ नालि जीउ
		फिकाबोलि विगुचणा सुणि मूरख मन अजाण ।

सिरी ।४।

छीज		मै तेरे डरु आला खपि खपि छिजै देह -

सिरी रागु । ६ ।

बुडत		मनहठि मती बूडीऐ गुरु मुखि सचु सु तारि ।

सिरी रागु । १६

मीज

वाच

गुफतम	(गुरु नानक फ़ के स्थान फ का प्रयोग किया है ।	
गुफतन् धातु		
धातु	भूतकाल	
गुफतन	गुफतम	
		ध्यान देना (करना)
करदन	कुदन	कुन
	दनिस्तन	(जान ले) दानी
गरिफत	(गिरफतह)	(पकड़ना)
दाश्तन	दारद(रखता है)	
गश्तन	गसतम (मै घूमा)	
वगोयद	बुगोयद (कहा)	

प्रेरणार्थक क्रिया

गुरुनानक की भाषा में प्रेरणार्थक क्रिया के निम्नलिखित रूप मिलते हैं।

आ प्रत्यय लगा कर।

सुफाए १५०।२१

तपाइ १४१।२८

आव प्रत्यय लगा कर

गडावै , जाणावै

आल वाला रूप

उठाली ८७७।१५	जीवालहि १५४।६
बहालिआ ४६३।२४	दिखालिआ ११४०।२६

आकारान्त धातुओं के साथ `आल` के स्थान पर `वाल` का प्रयोग मिलता है।

खा से खवाले १२६०।२१

ना से नावालिआ ५८०।२५

इसके अपवाद भी उपलब्ध हैं जैसे

पा से पवाई १२८०।६

धातु के अन्त में `ला` का प्रयोग करके। यदि धातु स्वर अन्त हो तो दीर्घ स्वर को ह्रस्व बना कर।

रो से रुलाइआ

दिख से दिखलाइआ

धातु के मध्यवर्ती स्वर को गुण करके ।

डुब से डोबै ४६८।११
सुध से सोधे ६३८।१
सुल से सोलै ६०७।२१

कहीं कहीं धातु का गुण किया स्वर भी स्थिर है और अन्त में प्रेरणार्थक ' आ ' भी लगाया है , जैसे :-

दो अक्षरात्मक रूपों में :

ढह से ढाहसी ६३४।२ ढाहाहदा १०३३।२१

जब साधारण क्रिया का धातु उपसर्ग लग कर बना हो अर्थात यह दो अक्षरात्मक हो तो दूसरे अक्षर का ह्रस्व स्वर प्रेरणार्थक चिह्न ' आ ' में बदल जाता है ।

बिसर से बिसार बनकर पुन: बिसारिआ
बिनस से बिनास बनकर पुन: बिनासे
उसर से उसार होकर उसारे ४३३।१३
उबर से उबार होकर उबारे ५६७।८
बिसर से बिसार होकर बिसारे ६६३।६
बिगस से बिगास होकर बिगासे ५४।१३

गुरु भाषा में अधिक प्रेरणार्थक क्रियायें ऐसी हैं जिनका (१) प्रेरणार्थक अर्थ लोप हो गया है और वह साधारण क्रियायें बन गई है (२) या छंद की आवश्यकता के कारण प्रेरणार्थक चिह्न बढ़ाया गया है परन्तु क्रिया साधारण क्रिया का ही अर्थ देती है । जैसे -

थापे १०५।४ , हरखाई १२७३।२० , लावे ६४४।५ , पालहि २२८।१७

नाम धातु

संज्ञा शब्दों में कुछ विशेष प्रत्यय जोड़ने से जो धातु बनते हैं उन्हें नाम धातु कहते हैं।

गुरु नानक द्वारा निम्न संज्ञाओं का प्रयोग नाम धातुओं के रूप में हुआ है।

१-	रंग[१]	६-	सूझ
२-	परख	१०-	निरबह(निर्वाह, हिन्दी)
३-	मोह	११-	परगास
४-	माल	१२-	परच(परिचय देना)
५-	वीआह	१३-	संतोख
६-	गरज	१४-	सम्हाल-समाल[१]
७-	तिआग	१५-	संगरह[४]
८-	मुल[३]	१६-	बूझ
		१७-	तलब[२]
		१८-	निवाज़

१- सम्हाल और समाल एक ही अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं। इन में केवल वर्तनी का अन्तर है।

रगे का किआ रंगीऐ जो रते रंग लाइ जीउ (रागु सूही)

२- बाकी वाला तलबीऐ सिरि मारे नंदारू जीउ (रागु सूही)

३- बहु रंगु देखि मुलाइआ[३] मुलि मुलि आवै जीउ

४- नामु समालहु नामु संगरहु[४] लाहा जगु महि लेहु।

१

नाम धातु

अरथ , अरंभ , अंबड , सरस , सीगार , सुख , सतु , संतोख ,
हरख , होम , कम , कुरल , कूक , खेड , गरव , चाह ,
छल , जनम , जीत , जोग , चूक , छुट छेह , टोल , ठग ,
ठाक , ठोक , तिआग , तग , दीप , धीर , नथ , निवास ,
परस , पुकार , बलिहार , फिर , थक , बखस , बीज ,
बैराग , माग , मीज , भिट , मुंज , भुल , भोग , मुकत ,
रस , रहस , रोक , रंग , लुक , लोच , वीचार , वणज ,

फारसी

करदम , खरीदि , गसतम , गलतु गिरफतह , गुजारहि ,
गुदारे , गुफतम , गोईं , जोइ , दानी , दारद , दिहंद ,
निवाजे , नेस , फुरमावहि , बरवसे , बिअफतम , बगोइ ,
कबुल , कुरबाणो , तलबीऐ ।

संयुक्त क्रिया

वर्तमान काल के कृदंत की सहायता से बनाए रूप ।
इन क्रियाओं से निरंतरता का बोध होता है ।

चलती आई ।एकि चले हम देखह सुआमी भाहि चलंती आई । ८७६।११

जीवत जीवै इउ पति पाणी सिफती सीपै नानक जीवत जीवै । ६५५।२६

जागत रहहि ओइ जागत रहहि न सुते दीसहि । १०२५।२४

गुरु भाषा में आ, जी , रह के अतिरिक्त , भज मर जा के साथ भी वर्तमान कालिक कृदंत के रूप मिलते हैं ।

पुर्व कालिक कृदंत के योग से बनाए रूप :

ढाहि उसारै ढाहि उसारै उसरे ढाहै । ६३५।२०

खोलि चली लाज मरती मरि गई घुघंट खोलि चली । ६३१।१०

करि थाकी हार डोर कंकन घणे करि थाकी सीगारु । ६३७।१८

देखहु बीचारि हार बिनु किनि सुखु पाइआ । ३७।२०
देखहु मनि बीचारि ।

गुरु भाषा में पुर्व कालिक कृदंत का प्रयोग उसर , उजड़ , सह , समा , सोख , संच , कह , कर , चल , जा , जी , तर , त्रिपत , थाप , देख , धिआ , धर , पछता , बैठ , बिनस , मर , मिल , मंग विगस , के साथ किया गया है ।

दो संयुक्त क्रियाओं में दो विभिन्न पुर्व कालिक कृदंतों का योग ।

अनेक संयुक्त क्रियाएं ऐसी भी मिलती हैं जिन में कभी तो ध्वनि को समानता के कारण और कभी अर्थ की एकरूपता के कारण कृदंत को दुहराया है । जैसे -

(ध्वन्यात्मक समानता)

जलिबलि जाउ । १४।५
गिडि मुड़ि पुरहि ताल । ४६४।२६
डिठी ठौकि बजाइ । ६१।२३

गुरु भाषा में तप , थाप , रह , आ , जा , देख के साथ ऐसे कृदंतों की पुनरुक्ति के उदाहरण मिलते हैं ।

एक ही पूर्वकालिक कृदंत की पुनरुक्ति से कार्य की निरंतरता अधिकता और उसे पुन: करने को सूचित किया है । इस के उदाहरण गुरु भाषा में पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं ।

करि करि थाकी । करि करि थाकी मीत घणेरे । १०२१।२६

फिरि फिरि आवै । फिरि फिरि आवै फिरि फिरि जाइ । ६३५।१२

तपि तपि खपै । जीउ तपतु है बारोबार तपि तपि खपै बहुतु बेकार । ६६१।२४

बहि बहि ऐसी ।अवगुण बहि बहि ऐसी । ६८६।११

गुरु भाषा में इस कृदंत की पुनरुक्ति के उदाहरण आ , आख, खा , जा , जनम , घर , पछता , पा , बुझ , मर , रो के साथ भी मिलते हैं ।

भुतकालिक कृदंत के योग से बनाए रूप :

भुत कालिक कृदंत के संयोग से बनी क्रियाओं से निश्चयता , निरंतरता आदि की सूचना मिलती है ।

जैसे -

बधा जाइ । नानकु चितु अचेतु है किता बधा जाइ । ६५५।१६

मेटिआ जाइ । जमण मरण न सुझई किरतु न मेटिया जाइ । १००६।२२

रहै - राता । राति दिनंति रहै रंगि राता । ६३१।४

सुते दीसहि । ओइ जागत रहहि न सुते दीसहि । १०२५।२४

तपै तपाइआ । ६४३।१४ कवन मुखि सूरजु तपै तपाइआ ।

इस कृदंत का जा , सुण , रह , तप , मव , मिट के साथ प्रयोग मिलता है ।

भावार्थक कृदंत :

इसके 'रहिआ ,' के साथ प्रयोग से निरंतरता , ' सकणा ' के साथ प्रयोग से कार्य करने का सामर्थ्य जाणा के साथ प्रयोग से काम की सम्पूर्णता की सुचना मिलती है ।

उदाहरण

जोहि नही साकै । जमु जंदारू जोहि नही साकै । ६०५।८

डसि न सकै । सरपनि डसि न सकै उरि का रसु पीजे । ६०५।८

धारि रहिआ । भरपुरि धारि रहिआ निहैकवलु । १०२२।७

जलि जाइ । बीर चलै घरि आपसो बहिसा बिरहि जलि जाइ । ६३५।१५

चुकि गइआ । भुलिआ चुकि गइआ तपतालु । १२८७।२

इस कृदंत के आ , घुम , लड , छड , ला , ले , सुण , दे , पे , चल आदि के साथ प्रयोग मिलते हैं ।

क्रियार्थक संज्ञा :

इस कृदंत के योग से बने रूपों से कार्य की निश्चयता और निरंतरता का बोध होता है , जैसे -

आवणु जाणु । एकु सोचै ता गति मिति पावै आवणु जाणु रहाई । ६३०।२०

लखणा जाई (अलखु न लखणा जाई है । १०२१।२५

इसके प्रयोग जा , कह , बाध , लग , विगुच , विसर आदि के साथ मिलते हैं ।

कर्म वाच्य : (ईअ , ऐ)

धातु	चढ़	पढ़	चढीऐ -	ऐतु राहि पति ७।११
कर्म वाच्य का	ईअ	ईअ	पवडीआ -	चढीऐ होइ इकीस
चिह्न	ऐ	ऐ	पढीऐ -	पढ़ीए केती आरजा ७।२०

वर्तमान काल अन्य पुरुष : + आइए , + ईऐ ,)

एक वचन -

धातु + आइए

समाइऐ समझाइऐ सलाहीऐ सुणाइऐ
कमाइऐ कराइऐ जुलाइऐ बुआइऐ
दिखाइऐ

धातु + ईऐ

सिमरीऐ सुटीऐ होईऐ हारीऐ
कहीऐ फुरीऐ कुटीऐ

अन्य पुरुष बहुवचन : (धातु + ईअ + हि)

पडीअहि — पडीअहि जेते बरस । पडीअहि जेते मास । ४६७।२०

लदीअहि — पडि पडि गडी लदीअहि पडि पडि भरीअहि साथ । ४६७।१८

धातु + ईअ + नि

समालीअनि — नित नित जीअडे समालीअनि देखैगा देवणहारु । १२।१६

समालीअनि — संभाले जाते हैं ।

अन्य प्रयोग — कहीअनि , परखीअनि , पाईअनि , मरीअनि , भरीअनि , आदि हैं ।

मध्यम पुरुष बहुवचन

धातु + ईअ + हु

जाणीअहु — तांबापारी जाणीअहु लाग ले जावहु । ४१८।२१

अन्य पुरुष एक वचन

आज्ञार्थक — जालीअउ । ५४।१७

भविष्यार्थक — फडीअगु । १२८६।११ । हैं ।

कर्मवाच्य (आदरार्थक)

मध्यम पुरुष

लीजै — प्रणवति नानक सुणि मेरे साहिबा डुबदा पथरु लीजै । ५६६।२६

दीजे — मै दीजै नामु निवासु हरि गुण गावसी । ७५२।७

अन्य प्रयोग

सहीजे ।६०५।१०,कीजे ।६०५।८ , सीजे ६०५।१६ ।

का — कर्मवाच्य का इअ चिह्न लगाने से पूर्व धातु के स्वर को गुण करके भी कर्मवाच्य बनाया है जैसे -

सकेलीऐ — इथनु अधिक सकेलीऐ भाई पावकु रचंक पाइ । ६३७।१५

सकेलीऐ — सकेल के ` क ` के अ को ए करके ` सकेलीऐ ` बनाया गया है ।

(सकेल — सकेलन करना इकठा करना बताया गया है)

च। प (य , ज के स्थान पर)

कीचे — पहिला वसतु सिवाण के तां कीचै वापारि । १४१०।७

दिचे — दोझी दिचै दुरजनां मित्रां कुं जेकारु । १४१०।७

धोपे — अठ सठि तीरथ मरसि विगुचहि किउ मलु धोपै पापै । १०१३।५

मरीऐ मति पापा कै संगि ओहु धोपै नावै कै रंगि । ४।१६

धोपई — पाणी चितु न धोपई मुखि पीतै तिख जाइ । १२४०।१०

सि।जा।हो। — की सहायता से बनाए कर्मवाच्य के रूप

भूत कृदंत के साथ । जा।हो । के वर्तमान रूपों को जोड़ कर भी कर्मवाच्य के रूपों का निर्माण किया है ।

धातु + इआ। जा + इ

अमुलो अमुलु आखिआ न जाइ । ५।२७

बहुता करमु लिखिआ न जाइ । ५।१६

कीमति पाइ न कहिआ जाइ । ६।१४

हो के साथ

(धातु +ता + हो + इ)

